संख्या-134/2017/आर-1755/26-3-2017-29(रिट)/2016

प्रेषक,

कामता प्रसाद
अनुसचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक
समाज कल्याण
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 28 अगस्त, 2017

विषयः- रिट याचिका संख्या-18708/2016 इण्डस इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी एण्ड मैनेजमेन्ट कानपुरनगर बनाम बनाम उ0प्र0राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक-12.08.2016/31.08.2016 के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय, समाज कल्याण के पत्रांक-263/स.क./शिक्षा-अ/01/12/2017-18, दिनांक-20.04.2017 एवं निदेशालय पत्रांक-1684/स.क./शिक्षा-अ/01/12/2017-18 दिनांक-22.06.2017 द्वारा उपलब्ध करायी आख्या पर सम्यक्विचारोपरान्त मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक-12.08.2016/31.08.2016 के अनुपालन में याची शिक्षण संस्था के वर्ष 2015-16 में बी0टेक0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के कुल 69 छात्र-छात्राओं की पूर्व में भुगतान की गयी छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि के समायोजन के उपरान्त अवशेष देय पायी गयी धनराशि कुल रूपया-13,37,400/-(रूपये तेरह लाख सैतिस हजार चार सौ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 की अनुदान संख्या-83 के योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि जिसकी स्वीकृति पूर्व में निर्गत की गयी है, से व्यय/भुगतान की अनुमति प्रदान की जाती है।

2- मा0 उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के अनुपालन में याची छात्र-छात्राओं का यदि कोई प्रत्यावेदन निस्तारित कराया जाना हो तो इसे सम्बन्धित प्रतिपक्षी के स्तर से निस्तारित कराने का कष्ट करें।

उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0-8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक-03.08.2017 में उल्लिखित प्राविधानों के अधीन निर्गत की जा रही है।

भवदीय

कामता प्रसाद
अनुसचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ.संख्या-134/2017/आर-1755(1)/26-3-2017 तददिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी/लेखापरीक्षा) प्रथम,उ0प्र0,इलाहाबाद।
2. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. जिला समाज कल्याण अधिकारी, कानपुर नगर।
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
5. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

कामता प्रसाद
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।